PART-1

पुनर्जागरण काल के प्रमुख खोज यात्री- फर्डीनन्ड मैगेलन

भाग:- 2

डॉ. राजेश कुमार सिंह, भूगोल विभाग
सर्व नारायण सिंह राम कुमार सिंह महाविद्यालय, सहरसा

पुनर्जागरण काल के प्रमुख खोज यात्री (Main Explorers of Renaissance Period)

उत्तर मध्यकाल या पुनर्जागरण काल में पश्चिमी यूरोपीय देशों के शासकों तथा जनता के प्रोत्साहन एवं सहायता से अनेक खोज यात्रियों (नाविकों) ने नये-नये महासागरीय मार्गों और महाद्वीपों, द्वीपों, देशों आदि का पता लगाया। इस युग के खोजयात्रियों में मा्कोपोलो, कोलंबस, वास्कोडीगामा, मैंगेलन, कुक, अमेरिगो वसपुक्की, जोन्स डीमांट, फ्रांसिस ड्रेक, हडसन आदि के नाम विशेष उल्लेखनीय हैं। कुछ प्रमुख खोजयात्रियों की यात्राओं का संक्षिप्त विवरण अग्रांकित है:-

(4) फर्डीनन्ड मैगेलन (Ferdinand Magellan)

98 दिन तक निरन्तर यात्रा करने के पश्चात् चालक दल एक द्वीप पर पहुँचा जहाँ लोगों ने ताजा भोजन एकत्रित किया और राहत की सांस ली। वहाँ पर लुटेरी आदिम जातियाँ रहती थीं, सम्भवत:

इसीलिए मैगेलन ने उसका नाम ‘लुटेरों का द्वीप’ (Island of Robbers) रखा था । यात्रा में आगे बढ़ते हुए मैगेलन का यात्री दल एक द्वीप समूह पर पहुँचा जिसे स्पेन के सम्राट फिलिप के नाम पर फिलीपीन नाम दिया गया। मैगेलन ने वहाँ के स्थानीय शासक को मित्र बना लिया और ठसे ईसाई धर्म की दीक्षा दी। एक अन्य स्थानीय शासक ने पुर्तगालियों को भगाने के लिए आक्रम कर दिया जिसमें मैंगेलन घायल हो गया और अंततः 17 अप्रैल 1521 को उसकी मृत्यु हो गयी।

चालक दल के शेष 115 लोग ‘विक्टोरिया’ और ‘ट्रिनिडाड’ नामक जलयानों पर सवार होकर स्पेन के लिए प्रस्थान किये और मसालों के द्वीप (हिन्देशिया) से पश्चिम की ओर बढ़ते हुए उत्तमाशा अंतरीप पहुँचे जहाँ से उत्तर की ओर बढ़ते हुए सितम्बर, 1522 को सेविले (स्पेन) वापस पहुँच गये। इस प्रकार मैंगेलन के चालक दल द्वारा पृथ्वी की एक परिक्रमा पूरी कर ली गयी।